# दो आरक्षक निलंबित, जांच शुरू

## पिटाई के बाद डीएसपी के साले की मौत, एसपी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

**भोपाल, 10 अक्टूबर. मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के पिपलानी थाना क्षेत्र में एक युवक की मौत के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है. मृतक की पहचान डीएसपी के साले उदित गायकी के रूप में हुई है.**

आरोप है कि देर रात पुलिस ने युवक की पिटाई की थी, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं. सूत्रों के अनुसार, टीआईटी कॉलेज का बीटेक फाइनल ईयर छात्र उदित पुत्र राजकुमार गायकी अपने दोस्तों के साथ इंद्रपुरी के सी सेक्टर में देर रात

**कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप**

**टीआईटी में बीटेक का छात्र था मृतक**

डांस कर रहा था. इसी दौरान पुलिस गश्त दल ने वहां पहुंचकर युवकों को रोका और कथित रूप से उदित के साथ मारपीट की. वीडियो फुटेज में पुलिस कर्मियों को युवक को खड़ा करके लात-घूंसे और डंडे से मारते हुए देखा गया है.

घटना के बाद उदित बेहोश हो गया. दोस्तों ने उसे एम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल और पिपलानी थाने में तनाव की स्थिति बन गई, जिसे देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में युवक को घबराहट के चलते अटैक आने की बात सामने आई है.

हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा. परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मामले की जांच सीएसपी स्तर के अधिकारी कर रहे हैं. इस बीच, घटना के वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दो आरक्षकों को निलंबित कर दिया गया है. मामले में विभागीय जांच शुरू कर दी गई है. मृतक के दोस्त अक्षत गार्गव ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने उन्हें वर्मा पार्क के पास रोका था और 10 हजार रुपये की मांग की थी. पैसे न देने पर पुलिसकर्मियों ने उदित के साथ मारपीट की. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई का संकेत दिया है. वरिष्ठ अधिकारी मामले की निगरानी कर रहे हैं.

## शिक्षा नेतृत्व सम्मान 2025 का आयोजन

**भोपाल.** राजधानी में माइंडलांसर द्वारा आयोजित शिक्षा नेतृत्व सम्मान 2025 भोपाल संस्करण का कार्यक्रम 11 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है. यह आयोजन उन शिक्षकों और शिक्षाविदों को सम्मानित करने के लिए समर्पित है, जिन्होंने अपने नेतृत्व, समर्पण और प्रेरणादायी योगदान से शिक्षा जगत को समृद्ध किया है. भोपाल के 96 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्राचार्य इस अवसर पर सम्मानित होंगे. इनमें राजधानी भोपाल के कई विद्यालयों सहित शहर के अन्य प्रमुख शिक्षाविद शामिल हैं. माइंडलांसर की सह-संस्थापक डॉ. निधि मिथिल भंडारे ने कहा, यह आयोजन हमारे शिक्षकों और शिक्षाविदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रयास है. उन्होंने समाज के भविष्य निर्माण में जो योगदान दिया है, वह अमूल्य है.

# त्यागी ने किया कमलापति का निरीक्षण

## यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**भोपाल. मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने रानी कमलापति से इटारसी रेल खंड का निरीक्षण किया. उन्होंने इटारसी स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यों, खानपान स्टालों, साफ-सफाई और यात्री सुविधाओं की समीक्षा की.**

डीआरएम ने त्योहारों के मद्देनज़र यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसी शेड और डीजल शेड का निरीक्षण कर लोको पायलटों को दी जाने वाली प्रशिक्षण व्यवस्था देखी. साथ ही रनिंग रूम में उपलब्ध सुविधाओं और भोजन की गुणवत्ता की जाँच की, जिसे संतोषजनक पाया गया. निरीक्षण



यात्रा के दौरान डीआरएम ने ट्रेन 19483 अहमदाबाद-सहरसा एक्सप्रेस के पेंट्रीकार में अनअप्रूव पानी की बोतल मिलने पर तत्काल हटाने के निर्देश दिए. इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) एम. डी. कोरी, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर जितेन्द्र श्रीवास्तव, मंडल इंजीनियर (दक्षिण) मोहित साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# कॉलेज संचालकों पर एफआईआर की मांग

**भोपाल 10 अक्टूबर. नर्सिंग कॉलेजों का फर्जीवाड़ा एक बार फिर उजागर हुआ है. एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने राजधानी भोपाल में नर्सिंग कॉलेज घोटाले का एक बड़ा उदाहरण सामने लाकर शासन-प्रशासन की लापरवाही को बेनकाब किया है.**

कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि यह मामला इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों में फर्जी फैकल्टियों का खेल अब भी जारी है. शिकायतों के बावजूद मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल की मान्यता शाखा की प्रभारी माधुरी शर्मा, डिप्टी रजिस्ट्रार धीरज गोविन्दानी और रजिस्ट्रार मुकेश सिंह द्वारा कॉलेज संचालकों से मिलीभगत कर फर्जी मान्यताएं दी जा रही हैं. प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने बताया कि एनएसयूआई टीम ने



जांच के दौरान पाया कि एनआरआई नर्सिंग कॉलेज, भोपाल ने 2025-26 सत्र की मान्यता के लिए ऐसी फर्जी फैकल्टियों को दिखाया है, जिसमें प्राचार्य एनसी थामस कई वर्षों से विदेश में हैं. वहीं ट्यूटर ( टीचर ) पिछले 4 वर्षों से एएसजी आई हॉस्पिटल एमपी नगर में स्टाफ नर्स के रूप में कार्यरत हैं.

**तो होगा आंदोलन**

रवि परमार ने कहा कि 2025-26 सत्र की मान्यता के लिए प्रदेश के करीब 50 प्रतिशत नर्सिंग कॉलेजों में गेस्ट फैकल्टियां दिखाई गई हैं. यह केवल एक कॉलेज का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम का घोटाला है. अगर सरकार ने इस पर कठोर कार्रवाई नहीं की तो एनएसयूआई राज्यव्यापी आंदोलन करेगी. एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर ने कहा कि यह पूरा मामला चिकित्सा शिक्षा विभाग और अस्पताल प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है.

# जहरीले सिरप से मासूमों की मौत पर कांग्रेस का सवाल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 10 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुकेश नायक ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के उस बयान पर कड़ा सवाल उठाया है, जिसमें उन्होंने तमिलनाडु सरकार को सहयोग न करने का आरोप लगाया था.**

डॉ. नायक ने कहा कि ज़हरीला सिरप मध्य प्रदेश में बना, बिका और मौतें भी यहीं हुईं, तो फिर जिम्मेदारी तमिलनाडु सरकार की कैसे हो सकती है? उन्होंने आरोप लगाया कि जब यह सिरप बाजार में बेचा जा रहा था, तब राज्य की खाद्य एवं औषधि विभाग की आँखें बंद थीं. नायक ने पूछा कि उन अधिकारियों पर कार्रवाई कब होगी जिन्होंने लाइसेंस और जांच की जिम्मेदारी निभाने के बजाय मौत का



सौदा होने दिया. कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री को अपनी नाकामी का ठीकरा दूसरे राज्यों पर नहीं फोड़ना चाहिए. यह राजनीति का नहीं, इंसानियत का सवाल है. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता तमिलनाडु नहीं, अपने मुख्यमंत्री से जवाब चाहती है. हर दोषी को सज़ा मिले — यह केवल कांग्रेस नहीं, उन माताओं की भी मांग है जिन्होंने अपने बच्चों को खोया है.

## अब साइबर ठग शिक्षकों को बना रहे निशाना

**भोपाल.** राजधानी और प्रदेश के कई जिलों में शिक्षकों को धमकी भरे फोन कॉल आ रहे हैं, जिनमें कॉल करने वाले खुदको शिक्षा विभाग का अधिकारी बताकर पैसे की मांग कर रहे हैं. पिछले एक सप्ताह में भोपाल से सौ से अधिक शिकायतें मिली हैं, जबकि प्रदेशभर में यह संख्या हजारों में पहुंच चुकी है. शिक्षकों के अनुसार कॉलर आईडी पर नाम 'सरजी' दिखाई देता है. फोन पर अधिकारी बनने वाला व्यक्ति तबादले, निलंबन या पढ़ाई में कमी के नाम पर डराता है और पच्चीस हजार रुपए तक की राशि मांगी जाती है. शासकीय नवीन हाईस्कूल आरिफ नगर और महाराणा प्रताप स्कूल जहांगीराबाद के कई शिक्षकों ने ऐसे कॉल प्राप्त होने की पुष्टि की है. जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र अहिरवार के अनुसार शिकायतें उच्च स्तर पर भेजी गई हैं.

# नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ आसानी मिले : संभागायुक्त

**▸ समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**भोपाल, 10 अक्टूबर.** संभागायुक्त संजीव सिंह ने कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय - सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में संपन्न कलेक्टर-कमिश्नर कान्फ्रेंस में कृषि एवं उद्यानिकी, स्वास्थ्य, औद्योगिक निवेश एवं रोजगार, नगरीय विकास, शिक्षा, ग्रामीण विकास, सुशासन एवं जनजातीय विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रदेश के जिलों में किए नवाचार एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर नागरिकों को आसानी मिले. इस उद्देश्य के लिए सभी विभाग विस्तृत अध्ययन कर प्लान तैयार करें. शासकीय योजनाओं का गंभीरता से क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों के लिए संयुक्त रूप-रेखा तैयार करें. संभागायुक्त सिंह ने समीक्षा बैठक में सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन विभाग, किसानों के दुग्ध उत्पादन में वृद्धि, पशुपालकों को समृद्ध बनाने के प्रयास, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, स्वावलंबी गौशालाओं को प्रोत्साहित करने के लिए संयुक्त कार्य योजना तैयार करें. सुशासन को बेहतर करने के लिए राजस्व अमला, सायबर तहसील, सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन की नियमित मॉनीटरिंग करें.


